दैनिक

# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

पेज 4 पर पढ़े - एलपीएस में 35वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ



वर्ष - 01 | अंक - 64 | राजसमंद - शुक्रवार, 25 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

# वैदिक मंत्रोच्चार और अभिजित मुहूर्त में अनिता पालीवाल ने संभाला राजसमंद नगर परिषद सभापति का पदभार

## - शहर के सर्वांगीण विकास का लिया संकल्प








जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद राजसमंद की नवनियुक्त सभापति अनिता पालीवाल ने गुरुवार को अभिजित मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आधिकारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही वह राजसमंद नगर परिषद की दूसरी तथा भाजपा की पहली महिला सभापति के रूप में आसीन हो गई हैं। गौरतलब है कि नगर पालिका से नगर परिषद गठन से लेकर अब तक 17 चेयरमैन रह चुके है, अनिता पालीवाल बतौर 18वें सभापति के रूप में निर्वाचित होकर आई है। पदभार ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित शशिकांत दीक्षित द्वारा वैदिक रीति-रिवाज एवं पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराई गई पूजा-अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात, राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, क्षेत्रीय विधायक दीप्ति माहेश्वरी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल की उपस्थिति में नवनियुक्त सभापति अनिता पालीवाल एवं उपसभापति मोहन कुमावत ने विधिवत अपनी-अपनी कुर्सी संभाली। नगर परिषद के आयुक्त विजेश मंत्री ने परिषद की नई मुखिया अनिता पालीवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा आधिकारिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाकर पदभार की समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण करवाई। सभापति के पद संभालते ही परिषद परिसर में मौजूद कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भारत माता, प्रभु द्वारकाधीश, सांवलिया सेठ और चारभुजानाथ के जयघोष लगाकर पूरे वातावरण को धर्ममय व ऊर्जावान बना दिया।

### जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति

पदभार ग्रहण के उपरांत नगर परिषद परिसर में आयोजित आमसभा में मुख्य अतिथि सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विशिष्ट अतिथि विधायक दीप्ति माहेश्वरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, अशोक टांक, महेश पालीवाल, अशोक रांका, दिनेश पालीवाल, रामचंद्र पुर्बिया, पूर्व प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, महेन्द्रसिंह चौहान, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत, सत्यप्रकाश काबरा, महेन्द्र टेलर, एवं संगठन विस्तारक प्रकाश लोहार मंचस्थ रहे। समारोह के आरंभ में परिषद के सभी पार्षदों ने सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक दीप्ति माहेश्वरी, सभापति अनिता पालीवाल तथा उपसभापति मोहन कुमावत को इकलई पहनाकर स्वागत किया। संचालन रजनीकांत साहू ने किया। इस दौरान पूर्व उपसभापति व पार्षद चुन्नीलाल पंचोली, पार्षद विजय कुमार जैन, हरीश कुमावत, चेतन्य कुमावत, नारायणलाल गाडरी, जया माली, मधु चोरडिया, विकास पालीवाल, उतम खींची, खुशकमल कुमावत, चम्पालाल कुमावत, छगन कुमावत, शिशुपाल चौधरी, दीपिका कुमावत, दीपक खत्री, हेमंत रजक, हेमंत गुर्जर, उमेश खटीक, किशन गाडरी, धीरज पुरोहित, प्रमोद रेगर, जतिन सेन, गौरी कुम्हार, ईश्वर पहाडिया, हिम्मत मेहता, सुलोचना कुमावत, अंजना कच्छारा, तारा पुर्बिया, ललिता कुमावत, चंचल घारू, अंजना खटीक, सुंदर कुंवर, भैरूलाल माली, दिनेश कुमावत सहित जनप्रतिनिधी व शहरवासी मौजूद थे।

### जनता के विश्वास पर खरा उतरने का वादा

स्वागत उद्बोधन देते हुए नवनियुक्त सभापति अनिता पालीवाल ने प्रभु द्वारकाधीश एवं चारभुजानाथ के जयकारों के साथ नगरवासियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि राजसमंद की जनता ने नगर परिषद चुनाव में भाजपा पर जो अटूट विश्वास जताते हुए स्पष्ट बहुमत दिया है, उसके लिए वह सदैव ऋणी रहेंगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह अपने कार्यकाल के दौरान स्थानीय सांसद, विधायक एवं सभी वार्ड पार्षदों को साथ लेकर राजसमंद शहर के चहुंमुखी और ऐतिहासिक विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

मूलभूत सुविधाओं और स्वच्छ राजसमंद पर विधायक का जोर

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नव-निर्वाचित पार्षदों को उनके दायित्वों का बोध कराया। उन्होंने कहा कि पार्षदों पर अपने-अपने वार्डों के निवासियों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पार्षदों से अपने क्षेत्रों में निरंतर जनसंवाद बनाए रखने की अपील की, ताकि सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल एवं स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता से दुरुस्त किया जा सके। विधायक ने आगामी पांच वर्षों के लिए राजसमंद को आधुनिक, स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त शहर बनाने के संकल्प के साथ स्थायी व बड़े विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

### त्रिस्तरीय विकास मॉडल से बदलेगी शहर की तस्वीर

मुख्य अतिथि सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार के साथ-साथ अब राजसमंद नगर परिषद में भी भाजपा का बोर्ड बन गया है। इस ट्रिपल इंजन व्यवस्था से शहर के विकास को नई रफ्तार मिलेगी और संसाधनों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी निस्तारण के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

# श्रीनाथजी मंदिर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई : सुखाड़िया नगर चोरी का खुलासा

## - 46 लाख का माल बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा।** पुलिस थाना श्रीनाथजी मंदिर क्षेत्र के सुखाड़िया नगर में दिनदहाड़े हुई चोरी की बहुचर्चित वारदात का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 28 तोला सोना (मूल आभूषण एवं गलाया हुआ सोना) और 681 ग्राम चांदी बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद किए गए सोने-चांदी की अनुमानित कीमत करीब 46 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सुखाड़िया नगर निवासी कैलाश पालीवाल पुत्र गोविंद पालीवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 अप्रैल 2026 को दिन में अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने मकान के ताले तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर ली थी। घटना के समय परिवार बाहर गया हुआ था। पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर पुलिस थाना श्रीनाथजी मंदिर में



भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी नाथद्वारा शिप्रा राजावत के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गहन तफ्तीश करते हुए नाथद्वारा, राजसमंद, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, अजमेर, ब्यावर, जयपुर, दिल्ली, गुरुग्राम और गुजरात-मध्य प्रदेश के कई इलाकों में 1 हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी अनुसंधान और फुटेज के आधार पर पुलिस ने साखलिया (भीलवाड़ा) निवासी शातिर चोर रमेश बागरिया को डिटेन कर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में रमेश ने वारदात कबूलते हुए अपने साथियों महेंद्र उर्फ भागचंद बागरिया और पप्पू बागरिया के नाम उगले। इसके बाद पुलिस ने 5 सितंबर को रमेश बागरिया तथा 7 सितंबर को न्यायिक अभिरक्षा से महेंद्र और पप्पू बागरिया को गिरफ्तार किया।

आरोपियों सहित खरीददार गिरफ्तार

अनुसंधान के दौरान मुख्य आरोपी रमेश बागरिया ने पुलिस को गुमराह करने और असली खरीदार को बचाने के उद्देश्य से कई निर्दोष सर्राफा व्यापारियों के झूठे नाम बताए। हालांकि पुलिस टीम ने मौखिक बयानों पर भरोसा न करते हुए निष्पक्ष जांच की और झूठी कड़ियों को खारिज करते हुए वास्तविक खरीदार पनौतिया (भीलवाड़ा) निवासी अरुण कुमार उर्फ बाबू सोनी तक पहुंच बनाई। कड़ी पूछताछ में अरुण सोनी ने चोरी का सोना खरीदना स्वीकार किया, जिसकी निशानदेही पर 20 तोला सोना बरामद कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न जिलों व राज्यों में चोरी और नकबजनी के दर्जनों आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। मामले में शामिल एक अन्य फरार आरोपी प्रभु बागरिया और विनोद सोनी की तलाश जारी है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों के मुख्य प्रवेश द्वारों पर चालू स्थिति में सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाएं।

# राजसमंद में 44 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों का आरक्षण जारी : गांव की सरकार के चुनाव की तस्वीर साफ

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** गांव की सरकार के चुनाव को लेकर एसडीएम ओमप्रभा व तसहसीलदार पुष्पेन्द्रसिंह कितावत की मौजूदगी में राजसमंद क्षेत्र की 44 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के आरक्षण की तस्वीर सामने आ गई है। आरक्षण सूची के अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में एससी, एसटी, ओबीसी तथा सामान्य वर्ग के साथ महिला वर्ग के लिए सरपंच पद आरक्षित किए गए हैं। इससे आगामी पंचायत चुनाव को लेकर संभावित दावेदारों और ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। आरक्षण सूची के अनुसार आत्मा, जोधपुरा और पीपली आचार्यान ग्राम पंचायतों में सरपंच पद एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। तलाई, मोरचना, मादड़ी-देवस्थान और मजा-नान्दोड़ा में एसटी वर्ग के लिए आरक्षण किया गया है। वहीं लवाणा, बड़लिया और सापोल ग्राम पंचायतों में एसटी महिला के लिए सरपंच पद आरक्षित है। सथाना और सोनियाणा में एससी महिला के लिए आरक्षण है। ओबीसी वर्ग के लिए बामन टुंकड़ा, देवपुरा, नोगामा, भावा और पीपरड़ा ग्राम पंचायतें आरक्षित हैं। जबकि घाटी, पुठोल, काड़ा का



तालाब और सुन्दरचा में ओबीसी महिला के लिए सरपंच पद आरक्षित किया गया है।

**इन पंचायतों में सामान्य महिला के लिए आरक्षण**

सामान्य महिला वर्ग के लिए पड़ासली, भाणा, तासोल, खटामला, धांयला, एमड़ी, मोही, कुंवारिया, फियावड़ी, बड़ारड़ा, साकरोदा और मुण्डोल ग्राम पंचायतों में सरपंच पद आरक्षित है।

**इन पंचायतों में सामान्य वर्ग**

सामान्य वर्ग के लिए पसुन्द, केलवा, वणाई, भाटोली, महा सतियों की मादड़ी, बिनोल, राज्यावास, बोरज, फरारा और पीपलांत्री ग्राम पंचायतों में सरपंच पद निर्धारित किया गया है। आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही गांवों में संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। अब चुनावी दावेदार अपने-अपने वर्ग के अनुसार रणनीति बनाने में जुटेंगे। आगामी पंचायत चुनाव में इन 44 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए होने वाली राजनीतिक गतिविधियों पर ग्रामीणों की नजर रहेगी।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

# राजनीति के भारतीयकरण के जनक

देश आज पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की 110वीं जयंती मना रहा है। दीनदयाल जी 1952 से लेकर 1967 यानी लगभग 15 वर्ष जनसंघ के महामंत्री रहे। 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा उनकी ही देन है, जिस पर पहले जनसंघ और आज भाजपा का राजनीतिक सफर जारी है। भाजपा जनसंघ से निकली है। जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर, 1951 को दिल्ली में हुई थी। स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस, कम्युनिस्ट और सोशलिस्ट पार्टी का नाम प्रचलित था। कम्युनिस्ट और सोशलिस्ट पार्टी विचारधारा वाले दल कहे जाते थे, पर उनकी विचारधारा का जन्म भारत में नहीं हुआ।

विदेश से आयातित उनके विचार मानवता को हैव या हैव नाट, बिलीवर या नान-बिलीवर आदि में बांटकर देखते थे, लेकिन जनसंघ की स्थापना मानवता के विभाजन की जगह सनातन विचार सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया तथा एकात्म मानवता के आधार पर हुई। जनसंघ ने 1952 के लोकसभा चुनाव में भाग लिया। पार्टी तब लोकसभा की कुल 489 सीटों में से 15 राज्यों की 94 सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें उसे बंगाल में दो और राजस्थान में एक सीट मिली तथा मात्र 3.06 प्रतिशत मत मिले। कांग्रेस के बाद कम्युनिस्ट पार्टी 16 सीटें जीतकर दूसरे तथा 12 सीटें जीतकर सोशलिस्ट पार्टी तीसरे स्थान पर थीं। मत प्रतिशत के हिसाब से जनसंघ पांचवें स्थान पर रहा।


जनसंघ भारतभूमि पर विकसित भारतीय विचारधारा वाली पार्टी थी, जो व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश की बात करती थी। 1964 में ग्वालियर के एक स्वाध्याय शिविर में एक पांच सदस्यीय समिति बनी, जिसे यह काम दिया गया कि वह निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के विचार को समाहित कर इसे अंतिम रूप दे। समिति में दीनदयाल जी, अटल बिहारी वाजपेयी, दत्तोपंत ठेंगड़ी, बलराज मधोक और सुंदर सिंह भंडारी शामिल थे। अनुमोदित प्रारूप को 1965 में विजयवाड़ा राष्ट्रीय अधिवेशन ने स्वीकार किया। इसमें कहा गया, 'भारत अपने स्वाभाविक स्वरूप एवं प्रतिष्ठा को प्राप्त कर ही अपना निर्माण कर सकेगा। इसी से रूढ़ियां समाप्त होंगी और स्वस्थ, चैतन्यमयी संस्थाएं जन्म लेंगी।

आर्थिक दुर्व्यवस्था एवं सामाजिक अन्याय के पाटों में पिसने वाला जनजीवन संपन्नता और समानता के वातावरण में संतोष की सांस लेगा। वर्तमान दुरावस्था का कारण भारतीयता को स्वीकार न करते हुए विदेशी-विजातीय विचारधाराओं और जीवनमूल्यों को थोपने का प्रयत्न और स्व का तिरस्कार करने की प्रवृत्ति है। लोकतंत्र, समानता, राष्ट्रीय स्वतंत्रता तथा विश्व शांति परस्पर संबद्ध कल्पनाएं हैं। भारतीय संस्कृति एकात्मवादी है। अतः संघर्ष के स्थान पर परस्परावलंबन, पूरकता, अनुकूलता और सहयोग के आधार पर सृष्टि की क्रियाओं का विचार हो। व्यक्ति की भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति का विचार हो। हमें इस देश की भूमि के प्रति मातृभाव रखकर चलने वाला समाज बनाना होगा। सभी पंथों और उपासना के प्रति सहिष्णुता एवं समादर भाव विकसित करना होगा। व्यष्टि और समष्टि का प्राकृतिक हित में हस्तक्षेप न हो।'

उक्त प्रारूप में यह भी कहा गया, 'उत्पादन, विनिमय एवं उपभोग के लिए अर्थायाम आवश्यक है। अर्थ का अभाव, धर्म की हानि और अर्थ का घमंड ठीक नहीं। पूंजी के लिए बचत करनी होगी। आधुनिकीकरण के नाम पर पाश्चात्यीकरण ठीक नहीं। वास्तविक किसान भूमि का मालिक हो। समान काम के लिए समान मजदूरी मिले। काम न मिलने की स्थिति में जीवनयापन के लिए बेकारी भत्ता मिले। न्यूनतम जीवन की आवश्यक वस्तुएं कर-मुक्त हों। मूल्यों का स्थिरीकरण हो। खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता हो। प्रत्येक कुटुंब को मकान-यह राज्य का दायित्व हो। आयु तथा अन्य कारणों से असहाय के लिए सामाजिक सुरक्षा तथा निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था हो।

# जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में पीएमश्री राउमावि कागमदारड़ा का दबदबा

## - विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण व रजत पदक



**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** स्मार्ट स्टडी में आयोजित जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में पीएमश्री राउमावि कागमदारड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विक्रमसिंह चौहान के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी सटीक निशानेबाजी का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में कोमल और अभिषेक ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं नीतू, पुष्पा और हिमांशी ने अपनी प्रतिभा के दम पर रजत पदक हासिल किया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान शारीरिक शिक्षक विक्रमसिंह चौहान ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके नियमित अभ्यास, अनुशासन और कठोर परिश्रम को दिया। राइफल शूटिंग में मिली यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# एलपीएस में 35वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ

## - रक्षित सिंघवी ने जीता स्वर्ण पदक

**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल परिसर में 35वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्राचार्य डॉ संजय अभिषेक ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया और प्रथम कराटे फाइट का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य डॉ संजय अभिषेक ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन आत्मविश्वास एकाग्रता और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। कराटे जैसे खेल विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सुदृढ़ बनाते हैं। प्रतियोगिता के 54 किलोग्राम भार वर्ग में राउमावि सांगठ कला के लविश कुमार तेली और मेजबान लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल के रक्षित सिंघवी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए रक्षित सिंघवी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान ओमप्रकाश कालोसिया, सुरेंद्र चरनाल, श्वेता वर्मा, किशनलाल खटीक एवं संदीप शर्मा सहित विभिन्न गणमान्य प्रशिक्षण दल के सदस्यों की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान निर्णायकों और आयोजकों ने खिलाड़ियों को निष्पक्ष खेल एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जिससे पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।



# श्रीजी पब्लिक स्कूल के 6 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

## - स्कूल ने जीतीं 3 चैम्पियनशिप ट्रॉफियां

**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 35वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में श्रीजी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का डंका बजाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 3 चैम्पियनशिप ट्रॉफियां अपने नाम कीं। प्रतियोगिता के परिणामों में हियांशी कचोलिया ने शतरंज अंडर-17 छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। बैडमिंटन अंडर-14 छात्र वर्ग में दर्शिल चौधरी ने पहला स्थान प्राप्त किया। कुश्ती स्पर्धा में हिमांक माली ने अंडर-14 के 36 किग्रा भार वर्ग में, नटवरसिंह ने 68 किग्रा भार वर्ग में तथा नितिन सोनी ने अंडर-19 ग्रीको-रोमन कुश्ती के 130 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान पाकर बाजी मारी। वहीं तैराकी प्रतियोगिता के अंडर-14 छात्र वर्ग में अक्षांश मेवाड़ा ने 50 मीटर व 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में प्रथम तथा 50 मीटर फ्रीस्टाइल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर हियांशी कचोलिया, दर्शिल चौधरी, हिमांक माली, नटवर सिंह, नितिन सोनी और अक्षांश मेवाड़ा का चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ियों की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार दगदी एवं उपप्रधानाचार्य लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित सहित समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर्षव्यक्त किया।




# विद्यार्थियों ने किया साइबर थाना का शैक्षणिक भ्रमण

## - सीखी साइबर सुरक्षा और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया

**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** साइबर सुरक्षित राजस्थान जन-जागरूकता माह के तहत एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन तथा साइबर थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधीच के नेतृत्व में विद्यार्थियों के एक समूह ने साइबर पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को साइबर थाने की कार्यप्रणाली, अपराधों की जांच प्रक्रिया और शिकायत दर्ज कराने के तरीकों से रूबरू कराया गया। थाना अधिकारी ने विद्यार्थियों को बताया कि साइबर ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होने पर घबराने के बजाय त्वरित कार्रवाई करना सबसे महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में जितनी जल्दी राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज की जाएगी, ठगी गई राशि को होल्ड कराने और वापस पाने की संभावना उतनी ही अधिक रहेगी। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को शिकायत दर्ज कराते समय आवश्यक साक्ष्य जैसे-बैंक विवरण, लेनदेन आईडी, स्क्रीनशॉट, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया प्रोफाइल प्रस्तुत करने का व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाया गया। विद्यार्थियों ने परिसर में शिकायत प्राप्ति और तकनीकी जांच व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा प्रोग्रामर खैरूल वसीम, सहायक उपनिरीक्षक नारायण शर्मा, हेड कॉन्स्टेबल सीमा शर्मा व गीता तथा कॉन्स्टेबल प्रशाली गोदारा व जान्हवी साहू से संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान किया। पुलिस अधिकारियों ने संदेश दिया कि समय पर की गई शिकायत केवल पीड़ित की सहायता नहीं करती, बल्कि अन्य लोगों को भी ठगी का शिकार होने से बचाती है।



# साइकिलिंग प्रतियोगिता में पर्ल ग्रेस एकेडमी के विद्यार्थियों ने जिले में लहराया परचम

**जयवर्द्धन न्यूज़**

**राजसमंद।** 35वीं जिला स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक साइकिलिंग खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन राउमावि महासतियों की मादड़ी में किया गया। प्रतियोगिता में पर्ल ग्रेस एकेडमी भाणा के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कीं। प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु वर्ग छात्र वर्ग में विद्यालय के विद्यार्थी मोहम्मद अनस ने टाइम ट्रायल रोड 10 से 15 किलोमीटर तथा मास स्टार्ट रोड 20 से 35 किलोमीटर दोनों स्पर्धाओं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष आयु वर्ग छात्रा वर्ग में विद्यालय की लक्षिता डीडवानिया ने मास स्टार्ट रोड 15 से 20 किलोमीटर तथा टाइम ट्रायल रोड 5 से 10 किलोमीटर दोनों स्पर्धाओं में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में विद्यालय की प्रियल कुंवर राजपूत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मास स्टार्ट रोड 15 से 20 किलोमीटर एवं टाइम ट्रायल रोड 5 से 10 किलोमीटर दोनों स्पर्धाओं में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक पुरुषोत्तम कुमावत ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करते हैं। विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव अवसर एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।



# मयूर पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रमः विद्यार्थियों को दिए डिजिटल सुरक्षा के टिप्स

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** साइबर सुरक्षित राजस्थान जन-जागरूकता माह के तहत एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन एवं साइबर थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधीच के नेतृत्व में महासतियों की मादड़ी स्थित मयूर पब्लिक स्कूल में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यक्रम में साइबर विशेषज्ञ व प्रोग्रामर खैरूल वसीम ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन गेमिंग के जोखिम, फर्जी लिंक, डिजिटल



अरेस्ट, धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग तथा फिशिंग के खतरों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा का ज्ञान उतना ही आवश्यक है जितनी सामान्य शिक्षा। उन्होंने मजबूत पासवर्ड रखने तथा टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी। सूचना सहायक दलवीरसिंह मीना ने विद्यार्थियों को किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने के प्रति सचेत किया। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

# सेवा और संवेदना की मिसाल : सेंट पॉल्स के विद्यार्थियों ने जुटाए 83 हजार 780 रूपयें

## - थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए विद्यार्थियों की अनोखी पहल

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना की प्रेरणादायी मिसाल पेश करते हुए थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए 83 हजार 780 रूपयें की राशि एकत्रित की। प्राचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने कहा कि विद्यालय द्वारा आयोजित फंड रेज़िंग कार्यक्रम के माध्यम से जुटाई गई यह राशि सर्च फाउंडेशन को प्रदान की गई, जो पिछले 25 वर्षों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों तथा गरीब, वंचित और अनाथ बच्चों के लिए



सेवा कार्य कर रहा है। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों का खून नहीं बनता और उनके लिए समय-समय पर खून की व्यवस्था करनी होती हैं। अधिकांश थैलेसीमिक बच्चे पर्याप्त भोजन और दवाइयों के अभाव में असमय मौत के शिकार बनते हैं। सर्च फाउंडेशन संस्था 1999 से इन बच्चों के चिकित्सा एटीकाकरण, शिक्षा और पुनर्वास के लिए कार्यरत है। विद्यार्थियों ने अपने बचत के पैसों से, परिवार और पड़ोस के लोगों से धन राशि एकत्र कर कुल तिरासी हजार सात सौ अस्सी रुपये देकर जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए एक अनूठी पहल की है। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों की यह पहल केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि करुणा, सेवा और जिम्मेदार नागरिकता का सुंदर संदेश है। उन्होंने साबित किया कि छोटे-छोटे हाथ जब सेवा के लिए आगे बढ़ते हैं, तो किसी के जीवन में बड़ी उम्मीद और मुस्कान ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि सर्च फाउंडेशन को-ऑर्डिनेटर मिस रीना को इस सेवा कार्य के लिए 83 हजार 780 रूपये भेंट किए।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में ऑरेंज काउंटी स्कूल का दबदबाः अंडर-14 और अंडर-17 दोनों वर्गों में हासिल किया पहला स्थान

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** 35वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ऑरेंज काउंटी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल के दोनों प्रमुख वर्गों में दोहरा खिताब अपने नाम किया है। सरकारी विद्यालय, लवाना में आयोजित अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ऑरेंज काउंटी स्कूल की टीम ने एलपीएस स्कूल को हराकर जिले में




प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राज्यवास में आयोजित अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में भी ऑरेंज काउंटी स्कूल ने सेंट पॉल्स स्कूल को शिकस्त देकर पहला स्थान हासिल किया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 11 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों का यह कठिन परिश्रम और अनुशासन अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायी साबित होगा।

# जिले में स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल का बड़ा धमाका

## - अंडर-14 क्रिकेट में स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल की टीम बनी जिला चैंपियन

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** 35वीं जिला स्तरीय 14 वर्ष विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता में स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल नाथद्वारा की अंडर-14 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन, जुझारूपन और टीम भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा। टीम की इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों ने मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और महत्वपूर्ण मुकाबलों में दमदार खेल दिखाकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय का नाम जिले में गौरवान्वित हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी



यशवंत कुमार जोशी ने की। मुख्य अतिथि प्रभुलाल कोठारी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्र अध्यक्ष शांतिलाल कुमार, राजकुमार पारीक, भवानीसिंह कानावत, सफी मोहम्मद, घनश्याम व्यास, शारीरिक शिक्षक शंभूसिंह हाड़ा, युवराजसिंह राणावत, देविका राठौर एवं सांवरिया सेन सहित गणमान्यजन मौजूद थे। संचालन विनोद व्यास ने किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनकी खेल प्रतिभा एवं टीम भावना की प्रशंसा की।

विद्यालय प्रबंधन ने सराहा खिलाड़ियों का प्रदर्शन

विद्यालय के निदेशक मनोहरलाल भाटिया, शाम भाटिया एवं तिलकेश भाटिया तथा प्रधानाचार्य डॉ पारुल जोशी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय निरंतर प्रयासरत है। अंडर-14 क्रिकेट में जिला चैंपियन का खिताब हासिल कर स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने विद्यालय के खेल इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ दिया। टीम की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने विद्यालय की खेल प्रतिभा और मजबूत खेल संस्कृति को एक बार फिर जिले के सामने स्थापित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### 35वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का तासोल में आगाज

#### - कुरज और गोगाथला ने जमाया खिताबी कब्जा



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राउमावि तासोल में 35वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष (छात्र-छात्रा) हॉकी प्रतियोगिता सत्र 2026-27 का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश गोराणा, विशिष्ट अतिथि संदीप कुमार नंदवाना थे। जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य किशनलाल की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर भामाशाह रामदास वैष्णव, गुलाब सालवी, प्रेमसिंह खटामला, लक्ष्मण दास वैष्णव, मोहनलाल सेन सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भीयाराम गोदारा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिलेभर से छात्र एवं छात्रा वर्ग की कुल 20 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता संयोजक मनोज गोरवा तथा निर्णायक प्रमोद पूर्बिया, मोहनलाल लौहार एवं तारांचन्द जांगिड़ ने मैचों के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि 19 वर्ष छात्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले में कुरज की टीम विजेता रही, जबकि 17 वर्ष छात्रा वर्ग के फाइनल में गोगाथला की टीम ने खिताबी मुकाबला अपने नाम किया।


### पर्ल ग्रेस अकादमी भाणा ने जीते अंडर-14 हैंडबॉल के दोनों खिताब



जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। पर्ल ग्रेस अकादमी, भाणा ने 35वें अंडर-14 हैंडबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन खेल कौशल, टीमवर्क और अनुशासन का परिचय देते हुए डबल चैंपियनशिप हासिल की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में फिटनेस, अनुशासन और सामरिक समझ का प्रदर्शन किया। कोचिंग स्टाफ और आयोजकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके खेल के प्रति समर्पण और एकजुटता को जीत का महत्वपूर्ण आधार बताया। 35वें वर्ष में पहुंच चुका यह अंडर-14 हैंडबॉल टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और बेहतर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है। प्रतियोगिता में पर्ल ग्रेस अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से अकादमी का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। अकादमी के अधिकारियों के अनुसार प्रतियोगिता में मिली इस सफलता के बाद खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों में जुटेंगे और उच्च स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

### कुमावत समाज रूणपंछोर चौकी संस्थान के नए मीडिया प्रभारी बने नरेश कुमावत



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** कुमावत समाज रूणपंछोर चौकी संस्थान की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आसोटीया निवासी नरेश कुमावत को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। संस्थान अध्यक्ष सुन्दलाल दौराया, मोहनलाल कुमावत एवं सुन्दरलाल ने उन्हें समाज के सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को प्रमुखता से प्रचारित-प्रसारित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर नवनियुक्त मीडिया प्रभारी कुमावत ने समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे तथा समाजहित एवं जनसेवा के कार्यों को हमेशा प्राथमिकता देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेरापंथ युवक परिषद ने लगाया रक्तदान शिविर, 25 यूनिट रक्त संग्रहित



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के नेतृत्व में तेयूप कांकरोली द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आरके हॉस्पिटल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया, वहीं 38 व्यक्तियों ने आपात स्थिति में रक्तदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद उपसभापति मोहन कुमावत ने किया। इस दौरान उपसभापति कुमावत ने कहा कि रक्तदान ही महादान और जीवनदान है। आपका दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने परिषद के इस सेवाभावी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सभी रक्तदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। रेडक्रॉस सोसायटी के मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, संवेदना और मानवता का संदेश प्रसारित करना रहा। इस दौरान आरके हॉस्पिटल के पीएमओ डॉ रमेश रज्जक, रेडक्रॉस के संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, डॉ एमपी मीणा, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष नितिन आंचलिया, मंत्री हर्षल कोठारी, कोषाध्यक्ष गजेंद्र चौरड़िया, उपाध्यक्ष शरद कोठारी व जयेश कोठारी, सहमंत्री विकास तलेसरा व राजकुमार सोलंकी, संगठन मंत्री हेमंत चौरड़िया, प्रचार-प्रसार मंत्री प्रांजल बोहरा, संयोजक पंकज बापना, सुरेंद्रसिंह रांकावत, रमेशसिंह चारण, अनिल खटीक, नरेश कुमावत तथा तकनीशियन जितेंद्र सोनी, रमेश सुथार व राधेश्याम सुखवाल सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में दी क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी का दबदबा



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले में आयोजित चार दिवसीय 35वीं जिला स्तरीय विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता में दी क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यालय के सहनिदेशक अभिदेव शर्मा ने बताया कि छात्रों ने 17 व 19 वर्ष छात्र वर्ग की टीम इवेंट्स और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अपनी उत्कृष्ट रणनीति और खेल कौशल के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। व्यक्तिगत स्पर्धा के 17 वर्ष छात्र वर्ग में लक्ष्य गजराज ने प्रथम, भानु सोलंकी ने द्वितीय तथा अधिराज सिंह कितावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 19 वर्ष छात्र वर्ग में निकुंज खुसीजा ने प्रथम और केवल्य त्रिपाठी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक शिवहरि शर्मा एवं प्रशासिका शीतल गुर्जर ने सभी विजेताओं को कहा कि शतरंज विद्यार्थियों में एकाग्रता, तार्किक सोच और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### कुक कम हेल्पर का मानदेय बढ़ाने की मांग



जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी को ज्ञापन सौंपकर जिन विद्यालयों में अक्षय पात्र के माध्यम से मध्याह्न भोजन उपलब्ध करवाया जाता है वहां कार्यरत कुक कम हेल्पर के मानदेय में बढ़ोत्तरी करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष शंकर माली और जिला संगठन मंत्री सतीश आचार्य के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि जिले के राजसमंद खंड में मध्यान्ह भोजन स्वयं सेवी संस्था अक्षय पात्र द्वारा तैयार कर विद्यालयों में पहुंचाया जाता है। अक्षय पात्र द्वारा भोजन उपलब्ध करवाने के बाद भी यहां कार्यरत कुक कम हेल्पर को कार्यरत रखने और अन्य ब्लॉक के समान ही मानदेय दिया जाना तय हुआ था परंतु विगत कुछ महीनों से उनको मात्र भोजन परोसने की राशि 1148 रूपये प्रति माह ही भुगतान किया जा रहा है जबकि ये भोजन वितरण के साथ साथ विद्यालय की साफ -सफाई और अन्य कार्यों में सहयोग कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बराबर कार्य कर रहे हैं। अतः राजसमंद ब्लॉक में कार्यरत कुक कम हेल्पर को उचित मानदेय दिलाने की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुजीत कुमार त्रिपाठी, राजसमंद खंड अध्यक्ष विनोद आचार्य मौजूद थे। विधायक माहेश्वरी ने जिला स्तर पर विचार विमर्श कर उचित कार्यवाही करके समाधान का भरोसा दिलाया।

# खमनोर की 30 ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच पदों का आरक्षण घोषित

## - 15 पंचायतें सामान्य वर्ग के खाते में

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** आगामी पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर नाथद्वारा उपखंड स्तर पर आयोजित आरक्षण लॉटरी प्रक्रिया के बाद खमनोर क्षेत्र की 30 ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच पदों की आरक्षण स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। उपखंड कार्यालय में निकाली गई लॉटरी के उपरांत प्रशासनिक स्तर पर आरक्षण की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जारी अंतिम सूची के अनुसार कुल 30 ग्राम पंचायतों में से 15 पंचायतें सामान्य और सामान्य महिला वर्ग के लिए निर्धारित की गई हैं। वहीं एसटी वर्ग के लिए 7, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 5 तथा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 3 ग्राम पंचायतें आरक्षित की गई हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के अंतर्गत उसरवास पंचायत एससी महिला के लिए आरक्षित की गई है, जबकि सलोदा और मचीद पंचायतें एससी वर्ग के लिए निर्धारित हुई हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति वर्ग में बलिचा, परावल और कल्ला खेड़ी पंचायतें एसटी महिला के लिए आरक्षित रखी गई हैं। वहीं धायलां, बिजनोल, गुड़ला और कोशीवाड़ा पंचायतों को एसटी वर्ग में शामिल किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत नमाना और गांवगुड़ा पंचायतें ओबीसी महिला वर्ग के लिए तय की गई हैं, जबकि खमनोर, सांयो का खेड़ा और झालो की मदार पंचायतों को ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। सामान्य वर्ग के अंतर्गत बागोल, सेमा, भैंसा कमेड़, शिशोदा, बामनहेड़ा, फतेहपुर, बड़ा भानुजा, कोठारिया और गुंजोल ग्राम पंचायतों को सामान्य महिला वर्ग के लिए रखा गया है।

इसके अलावा मोलेला, उठारड़ा, उनवास, सगरून, कुंठवा और टाटोल पंचायतें सामान्य अनारक्षित वर्ग में रखी गई हैं। आरक्षण सूची का आधिकारिक प्रकाशन होते ही ग्रामीण इलाकों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं तथा सरपंच पद के संभावित दावेदारों ने अपनी-अपनी राजनीतिक बिसात बिछाना शुरू कर दिया है।

# मैदान पर संघर्ष, जीत के बाद जश्न : राज्यावास में चार दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का समापन

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** राउमावि राज्यावास में पिछले चार दिनों से आयोजित 35वीं जिला स्तरीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। 17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की इस प्रतियोगिता में मैदान पर हर गोल के साथ रोमांच बढ़ता रहा और खिलाड़ियों ने अंतिम सीटी तक उत्कृष्ट खेल भावना और संघर्ष का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के 17 वर्ष छात्र वर्ग में ऑरेंज काउंटी स्कूल कांकरोली ने प्रथम, सेंट पॉल स्कूल कांकरोली ने द्वितीय तथा सविता इंटरनेशनल स्कूल नांदोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 19 वर्ष छात्र वर्ग में राउमावि भाणा ने प्रथम, राउमावि एमड़ी ने द्वितीय तथा राउमावि कुरज ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 17 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावि एमड़ी प्रथम, राउमावि गवारड़ी द्वितीय तथा राबाउमावि कुरज तृतीय स्थान पर रहे।

19 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावि भाणा ने प्रथम, राउमावि राज्यावास ने द्वितीय तथा नवप्रभात स्कूल एमड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी ने की, जबकि पूर्व प्रधान शांतिलाल कोठारी मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भेरुसिंह गौड़, विक्रमसिंह भाटी, शम्भूलाल खारोल, कन्हैयालाल सनाढ्य, रामलाल रेगर, भंवरलाल धोबी, ओमप्रकाश, जगदीश चंद्र, गणपतलाल दुदानी, राजेश गुर्जर एवं कीर्तिराजसिंह झाला मौजूद थे। इस दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी छगनलाल पूर्बिया, मांगीलाल टांक, ईश्वरलाल बोहरा, बंशीलाल पंचोली, मोतीनाथ, पुष्कर पूर्बिया एवं किशन सनाढ्य की भी गरिमामय मौजूदगी थी। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना, स्वागत नृत्य और कालबेलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। अतिथियों ने कहा कि खेल मैदान विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व और संघर्ष की भावना विकसित करता है। मंच संचालन तुलसीराम सालवी एवं कमलेश जोशी ने किया, वहीं अतिथि स्वागत भेरूलाल खींची, अजय पारीक, योगेश त्रिवेदी, एकता गर्ग एवं चंचल जैन द्वारा किया गया।

# श्रीनाथजी इंस्टीट्यूट में एनएसएस स्थापना दिवस आयोजितः विद्यार्थियों ने किया श्रमदान और पौधरोपण

जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा।** उपली ओडन स्थित श्रीनाथजी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर संस्थान में विशेष कार्यशाला, भाषण प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, श्रमदान और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य ध्येय स्वच्छ भारत, समृद्ध भारत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एनएसएस समन्वयक डॉ. सौरभ कपूर ने पूर्व प्राचार्या व पूर्व प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. दीप्ति भार्गव के योगदान को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को



एनएसएस के आदर्श वाक्य मैं नहीं, आप के मूल अर्थ, इसके उद्देश्यों, सामाजिक कर्तव्यों और भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पूर्व में आयोजित एनएसएस शिविरों की गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया। समारोह में स्वयंसेविका आस्था लोढ़ा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने सेवा कार्यों के अनुभव साझा किए। स्थापना दिवस के तहत विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर परिसर में श्रमदान किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। इस दौरान संकाय सदस्य मनीष साहू, सूर्यवीर सिंह एवं मुकेश ऊंटवाल मौजूद थे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा समाज सेवा व पर्यावरण संरक्षण के प्रति दिखाए गए समर्पण की सराहना की। साथ ही विद्यार्थियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

# जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता के 17वर्ष छात्र वर्ग में कुंवाथल बना विजेता

## - 19 वर्ष छात्र वर्ग में आंजना, छात्रा वर्ग में स्वादरी, 17 वर्ष छात्रा वर्ग में आंजना बनी विजेता

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हुई 35वी जिला स्तरीय 17/19वर्ष छात्र-छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता के 17 वर्ष छात्र वर्ग में मेजबान राउमावि कुंवाथल की टीम ने लगातार दूसरे वर्ष विजेता बन अपना खिताब बचाया। विद्यालय प्रधानाचार्य गणेशराम बुनकर ने बताया कि 20 से 23 सितंबर तक चली इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में काफी रोमांच देखने को मिला। शारिरिक शिक्षक जितेंद्रसिंह व नितिन तिवारी के अनुसार समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप पालीवाल, विशिष्ट अतिथि कुंवाथल पंचायत के प्रशासक श्रवण गुर्जर, गोवर्द्धन सिंह, किरिट भाई, तोलीराम खटीक, पारस सरगरा, विनोद गुर्जर, प्रकाश जोशी, हस्तीमल जोशी, रामचंद्र गुर्जर, शंकरसिंह, बाबू खान, एसएमसी अध्यक्ष सुभाष जोशी सहित ग्रामीण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पीईईओ कुंवाथल ने की। तथा सभी विजेता उपविजेता व तृतीय स्थान पर आने वाली टीमो को ट्रॉफी व मेमन्टो व ग्रामीणों द्वारा लाये गए पुरुस्कार दिए गए। जनरल रेफरी चैनसिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में 17वर्ष छात्र वर्ग में राउमावि कुंवाथल प्रथम, राउमावि पाता कि आती दूसरे व राउमावि छापली तृतीय स्थान पर, 17 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावि आंजना प्रथम, राउमावि स्वादरी दूसरे व पीएमश्री राउमावि विजयपुरा तृतीय स्थान पर रहे।

इस प्रकार 19 वर्ष छात्र वर्ग में राउमावि आंजना प्रथम, राउमावि बघाना दूसरे व राउमावि स्वादरी तृतीय स्थान पर, 19 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावी स्वादरी प्रथम, राउमावी आंजना दूसरे व राउमावि बरजाल तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के संयोजक कुलदीपसिंह राजावत के अनुसार प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर में 17 वर्ष छात्र वर्ग में पुष्पेंद्रसिंह कुंवाथल, छात्रा वर्ग में आरती आंजना,19वर्ष छात्र वर्ग में युवराजसिंह बघाना व छात्रा वर्ग में कविता कुमारी स्वादरी रहे। इस दौरान नरेश कुमार सैनी, छविकान्त, वासुदेव, प्यारचंद रेगर, आशा सोलंकी, देवेंद्र बांगड़, रघुवीरसिंह पंवार, पुरषोत्तम कुमार नारानीया, मदन सिंह, ललित कुमार, अनूप कुमार, मधु खोखावत सहित ग्रामीण मौजूद थे। संचालन राकेश कुमार शर्मा ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।